आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

07.08.2024 समय : 1850

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों से किसानों को सात प्रतिशत ब्याज दर पर फसल संबंधित गतिविधियों के लिए अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने को कहा है।

- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में स्कूल इंफ्रास्टेक्चर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल का शुभारंभ किया।

- संयुक्त विद्युत नियामक आयोग ने द्वीपसमूह में वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए बिजली की दरों को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है।

- कमोर्टा में आज पुरूषों और महिलाओं के लिए वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

- द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार द्वारा संशोधित ब्याज सहायता योजना जारी रखने के निर्णय को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों से फसल ऋण, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन सहित संबंधित गतिविधियों के लिए कम ब्याज दर पर अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने को कहा है। किसानों को सात प्रतिशत की ब्याज दर पर तीन लाख रुपये की सीमित राशि दी जाएगी। रिज़र्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा कि ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं को वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ब्याज में डेढ़ प्रतिशत की छूट मिलेगी। समय पर ऋण अदा करने वाले किसानों को ब्याज में तीन प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी।

उधर, सरकार ने सी एस शेट्टी को तीन साल की अवधि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री शेट्टी देश के सबसे बड़े ऋण प्रदाता बैंक–एसबीआई के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक हैं। वे अट्ठाईस अगस्त को वर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में स्कूल इंफ्रास्टेक्चर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल का शुभारंभ किया। इस वेब पोर्टल के माध्यम से शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल के बुनियादी ढांचे के विवरण की वास्तविक समय के आधार पर निगरानी कर सकेगा। विभाग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर स्कूल की कमी को पूरा कर सकेगा और सुचारू रूप से संचालन की निगरानी भी कर सकेगा। इस पोर्टल के जरिए कलस्टर अपने अधीन आने वाले स्कूलों की वर्तमान ढांचे के विवरण के साथ नए मांगों को दर्ज कर सकता है। इस पोर्टल में नागरिक अवसंरचना, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी की आधारभूत संरचना जैसे तीनों श्रेणियों की निगरानी की जाती है। क्लस्टर के पास सभी फीडर स्कूलों की डेटा और ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी अंचल स्कूलों की डेटा उपलब्ध रहेगी। स्कूल की स्थिति की त्वरित जानकारी के लिए विज़ुअल डैशबोर्ड सुविधाएँ होंगी। इस डैशबोर्ड में शिक्षकों की वर्तमान उपलब्धता और उनकी कमी की नियमित निगरानी की जा सकेगी। प्रत्येक स्कूलों की मांग के अनरूप विभाग के नियोजन प्राधिकारी कार्य योजना को अपडेट कर सकता है, जिससे प्राधिकरण को वर्तमान खरीद और कार्यों की स्थिति की निगरानी करने में मदद मिलेगी। मांग पूरी हो जाने पर मांग की स्थिति को पोर्टल में अपडेट किया जा सकता है, जिससे मांग और पूर्ति की सही जानकारी हासिल हो सके। सभी संबंधित कार्यों के विवरणों की निगरानी सिविल कार्य द्वारा भी की जाएगी, ताकि विभाग कार्य की प्रगति पर आसानी से नजर रख सके।

<><><><><><><>

संयुक्त विद्युत नियामक आयोग ने द्वीपसमूह में वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए बिजली की दरों को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। शून्य से सौ यूनिट तक के लाइफ लाइन कनेक्शन के लिए बिजली की दरें दो रूपये पचास पैसे प्रति किलोवाट आवर निर्धारित की गई है। घरेलू कनेक्शन के लिए शून्य से सौ यूनिट तक तीन रूपये पच्चीस पैसे, एक सौ एक से दो सौ यूनिट तक छः रूपये पचहत्तर पैसे, दो सौ एक से लेकर पांच सौ यूनिट तक नौ रूपये पचास पैसे तथा पांच सौ एक यूनिट या उससे अधिक के लिए ग्यारह रूपये पचास पैसे प्रति किलोवाट के हिसाब से शुल्क वसूला जाएगा। व्यवसायिक कनेक्शन के लिए शून्य से दो सौ यूनिट तक दस रूपये, दो सौ एक से पांच सौ यूनिट तक बारह रूपये पचहत्तर पैसे, पांच सौ एक से हजार यूनिट तक सोलह रूपये पचहत्तर पैसे और एक हजार यूनिट या उससे अधिक पर अट्ठारह रूपये पचहत्तर पैसे प्रति किलो वाट आवर की दर तय की गई है। इसके अलावा कनेक्शन के हिसाब से निर्धारित शुल्क भी लगेगा। बिजली की नई दरें आयोग और बिजली विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

गाराचारामा सब–स्टेशन पर दस एमवीए बिजली ट्रांसफार्मर से जुड़ने वाले जम्पर कनेक्शन का तत्काल रखरखाव किया जाना है। इस कार्य के कारण दस अगस्त को सुबह छह बजे से आठ बजे के बीच एजेंसी हाउस, गाराचारामा, पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र, एकेटी मिनीप्लेक्स, बर्ड लाइन, महावीर नगर, कामराज नगर, बिडनाबाद, रंगाचांग, बरमानल्लाह और चिड़ियाटापु, गराचारामा सब स्टेशन, जापान नाला, ऑस्टिनाबाद, प्रोथ्रापुर, कॉर्बिन कोव, ब्रिचगंज, ब्रुकशाबाद और चक्करगांव के कुछ हिस्सों में आवश्यकतानुसार फीडरवार बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज कमोर्टा में राल्सो यूथ क्लब की ओर से स्थानीय प्रशासन और नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से पुरूषों और महिलाओं के लिए वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच में गोल टेकरी की टीम ने हुटाई टीम को तीन सेटो में पच्चीस–बीस, पच्चीस–छब्बीस और पच्चीस–इक्कीस से हराया। आज कुल तीन मैच खेले गए। उद्घाटन समारोह में ननकौड़ी की सीटीसी आयशा माजिद, कमोर्टा के सीटीसी चार्ल्स जैकॉब, सहायक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश और एन वाई के के उप–निदेशक आल्फोंस टोप्पो उपस्थित थे। फाइनल मैच पन्द्रह अगस्त को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में पुरूषों के चौदह और महिलाओं की छः टीमे भाग ले रही हैं।

उधर, पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में चार मैच और भातुबस्ती स्कूल मैदान में कुल दो मैच खेले गए।

<><><><><><>

मैसूर में होने वाले सैंतीसवें राष्ट्रीय अंडर–सेवेन चेस चैम्पियनशिप में द्वीपों के चालीस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चैम्पियनशिप एक सितम्बर से पांच सितम्बर तक चलेगी। सभी चयनित खिलाड़ियों से सहमति पत्र दस तारीख तक व्हाट्सऐप में भेजने या डेरीफार्म स्थित अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कल धन्नीखाड़ी क्षेत्र में चार हजार वर्ग मीटर भूमि, जो जलापूर्ति योजना के लिए आरक्षित थी, जिस पर अतिक्रमण कर सुपारी और नारियल के पेड़ लगाये गये थे उसे नष्ट कर अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से कहा है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों से दूर रहे।

<><><><><><>

द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। हटबे मे आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्तावन दशमलव चार मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में इक्कतीस दशमलव दो, पोर्ट ब्लेयर में अट्ठाईस दशमलव सात, कार निकोबार में सोलह दशमलव चार, लांग आइलैंड में तेरह, मायाबंदर में तीन दशमलव चार और ननकौड़ी में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि तेरह अगस्त तक द्वीपों के अधिकांश भागों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

<><><><><><><>